BAB602

Total No. of Printed Pages: 3

B. A. B. Ed Semester - VI
EXAMINATION APRIL 2023
Hindi Paper VIII - Hindi Sahitya - Ritikal

[Time:2 Hours] **[Max. Marks:70]**

Q1 निम्नलिखित प्रश्नों से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए: **(3 x 5 = 15)**

I. शाहजहाँ के शासन काल की विशेषताएँ बताइएँ।

II. आलोचकों ने रीतिकाल को 'अलंकार काल' क्यों कहा है?

III. बिहारी के अनुसार धनवान व्यक्ति का स्वभाव किस तरह का होता है?

IV. कवि पद्माकर का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

V. मानवीकरण अलंकार को परिभाषित करते हुए उदाहरण दीजिए।

Q2 निम्नलिखित प्रश्नों से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए: **(3 x 5 = 15)**

I. रीतिकालीन काव्य में श्रृंगारिकता की प्रवृत्ति क्यों पायी जाती है?

II. रीतिसिध्द कवि से आप क्या समझते है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

III. भूषण ने 'सौ चूहे खाई के बिलाई बैठी तपके'- यह किस शासक के संदर्भ में कहा है? क्यों ?

IV. देव की नायिका के सपने का वर्णन कीजिए ।

V. भुजंगप्रयात की परिभाषा लिखकर उदाहरण दीजिए ।

Q3 अ. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **(05)**

i) फागुन महीना की कही ना परें बातें दिन-
रातें जैसें बीतत सुने ते डफ घोर कों ।
कोऊ उठै तान गाय, प्रान बान पैठि जाय
हाय चित-बीच, पै न पाऊं चित चोर कों।
मची है चहुल चहूं दिसि चोप-चांचरि सों,
कासौं कहौं सहौं हौं वियोग झगझोर कों।
मेरो मन आली वा बिसासी बनमाली बिन,

C468CB5C7FDFB45D345196AB3D740F45

बावरो लौं दौरि दौरि परै सब और कों।

अथवा

ii) डार द्रुम पालन, बिछौना नव पल्लव के,
सुमन झगूला सोहै, तन छबि भारी दे ।
पवन झुलावै केकी-कीर बतरावै देव,
कोकिल हलावै हुलसावै करतारी दे।
पूरित पराग सों उतारो करै राई- नोन,
कंज कली नायिका, लतानि पुचकारी दे ।
मदन महीप जू को बालक बसंत, ताहि
प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दे ।

आ.i) मतिराम की नायिका की विरह दशा का वर्णन पठित पदों के आधार पर कीजिए । (05)

अथवा

ii) भूषण द्वारा वर्णित शिवाजी की वीरता का चित्रण कीजिए । (05)

Q4 अ. रीतिकालीन सामाजिक एवं धार्मिक परिवेश पर प्रकाश डालिए। (10)

अथवा

आ. टिप्पणियाँ लिखिए । (05+05)

i) रीतिकाल का नामकरण ।

ii) रीतिकाल का राजनैतिक परिवेश ।

Q5 अ. रीतिमुक्त काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए । (10)

अथवा

आ. टिप्पणियाँ लिखिए। (5+5)

i) रीतिसिध्द काव्य ।

ii) कवि घनानंद ।

Q6 अ. निम्नलिखित छंदों में से **किन्हीं दो** के लक्षण बताकर उदाहरण दीजिए। (05)

1) रोला

2) चौपाई

3) हरिगीतिका

4) कवित्त

आ. निम्नलिखित अलंकारों में से **किन्हीं दो** को परिभाषित करते हुए उदाहरण दीजिए। **(05)**

1) अपह्नुति

2) विरोधाभास

3) भ्रांतिमान

4) अतिशयोक्ति